संख्या–1362/तीस–3–10–75बी/2000टीसी

प्रेषक,

शिवानन्द ओझा
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 22 जुलाई, 2010

विषयः–वर्ष 2010–11 में परिवहन विभाग के कम्प्यूटरीकरण योजना के अन्तर्गत (साइट प्रिपरेशन इन ओल्ड यूनिक्स साईट किये जाने हेतु) वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–51ए/2010–अस्थाई लेखा/09 दिनांक 13मई, 2010 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा 25 परिवहन कार्यालयों में पुरानी यूनिक्स प्रणाली आधारित कम्प्यूटर सिस्टम के स्थान पर जीयूआई बेस्ड नई प्रणाली में परिवर्तित करने के लिए प्रारम्भिक आगणन प्रस्तुत करते हुए वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010 के आयोजनागत पक्ष में कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का कय के मद में प्रावधानित धनराशि रू0 140346000.00 के सापेक्ष 25 परिवहन कार्यालयों हेतु कुल धनराशि रू0, 46,97,148/– (रूपये छियालिस लाख सत्तानबे हजार एक सौ अड़तालीस मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

1–साइट प्रिपरेशन संबंधी कार्य नियमानुसार विस्तृत आगणन तैयार कराकर कराये जायेंगे।

2–उक्त स्वीकृति धनराशि का व्यय निर्धारित मानकों के अनुसार वित्तीय नियमों/प्रकियाओं का अनुपालन करते हुए किया जाएगा। उक्त धनराशि का व्यय उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए स्वीकृति की गयी है।

3– उपरोक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक के अनुदान सं0–43 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक– 3055–सड़क परिवहन आयोजनागत–001–निदेशन तथा प्रशासन–03– अधिष्ठान व्यय–46–कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय के नामें डाला जाएगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग की अ0शा0पंजी0 संख्या–ई–9–347/दस–2010 दिनांक 15 जुलाई, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शिवानन्द ओझा)
विशेष सचिव।

संख्या– 1362(1)/तीस–3–09 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4– वित्त नियन्त्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय लखनऊ।
5– नियोजन अनुभाग–4
6– वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–9
7– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, लखनऊ।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप एन0 अवस्थी)
उप सचिव।